प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का सहायक प्राध्यापक (गणित) के लिए चयन

विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के गणित एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग के तीन विद्यार्थियों का उत्तराखण्ड शासन के उच्च शिक्षा विभाग के लिए सहायक प्राध्यापक (गणित) राजकीय महाविद्यालय हेतु चयन हुआ है। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के एपीआई स्कोर के आधार पर शार्टलिस्टिंग परिणाम 13 अप्रैल, 2022 के सफल अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र में किए गए दावे के आधार पर प्राप्त अभिलेखों के क्रम में साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 19 मार्च, 2024 को हुआ। साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों क्रमशः सामान्य वर्ग से डा. रेनू, ईडब्ल्यूएस वर्ग से डा. खिलाफ सिंह जबकि अनुसूचित जाति से डा. नीलम चंतोला का चयन हुआ है। डा. खिलाफ सिंह ने गणित विभाग में प्राध्यापक डा. मनोज कुमार के निर्देशन में अपना शोध कार्य किया, जबकि डा. रेनू तथा डा. नीलम चंतोला ने प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष डा. एसबी सिंह के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया था। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. संदीप अरोरा, गणित सांख्यिकी एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग के समस्त शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

डा. खिलाफ सिंह

डा. रेनू

डा. नीलम चंतोला